दिनांक: 25.11.2025 **समय: 02.10PM**

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

अयोध्या प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर भगवा ध्वज फहराया। यह मंदिर निर्माण के पूर्ण होने और सांस्कृतिक उत्सव एवं राष्ट्रीय एकता के एक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा–

हमारे संवाददाता ने बताया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सुबह अयोध्या में एक रोड शो किया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने सप्तमंदिर और शेषावतार मंदिर का दौरा किया। शेषावतार मंदिर देश में भगवान राम के दुर्लभ मंदिरों में से एक है। प्रधानमंत्री ने माता अन्नपूर्णा मंदिर भी गए और राम लला गर्भ गृह में दर्शन और पूजा–अर्चना की।

सीएम विकास कार्य

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता कर सिंगल क्लिक के माध्यम से 194 करोड़ रुपयों के विकास कार्यों की सौगात दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 155 करोड़ रुपये की लागत से अमृत 2.0 परियोजना के अंतर्गत सीवेज निर्माण कार्य का शुभारंभ किया और 29 करोड़ रुपये की लागत से कटारा, बर्रई में सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण किया। इस दौरान श्री यादव ने 10 करोड़ रुपये की लागत से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम का लोकार्पण भी किया।

आकाशवाणी की नई पहल

अब मालवांचल की खबरें आपकी अपनी मालवी बोली में। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन और आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव जैन 26 नवंबर को आकाशवाणी उज्जैन के नए केंद्र का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर के साथ ही श्रोता पहली बार मालवी बोली में समाचार सुन सकेंगे, जो क्षेत्रीय भाषा और संस्कृति के संरक्षण को मजबूती देगा। मालवी समाचारों का प्रसारण 26 नवंबर से प्रतिदिन शाम 07 बजकर 20 मिनिट पर किया जाएगा। इसे श्रोता मीडियम वेव 188.32/1593 किलो हर्ट्ज पर और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल एप पर सुन सकेंगे। मालवांचल के लिए यह नई पहल आकाशवाणी की क्षेत्रीय पहुंच को और सशक्त बनाएगी। मालवी समाचार शाम 7 बजकर 20 मिनट पर प्रदेश के सभी आकाशवाणी केंद्रों से जरूर सुनें।

श्रम कानून प्रतिक्रिया

ग्वालियर की कर्मचारी मोना दुबे ने श्रम संहिता सुधारों का स्वागत किया है। उन्होंने इसे ऐतिहासिक कदम बताया जिससे लगभग 45 करोड़ असंरक्षित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाये जा सकेंगे और देश के कार्यबल में क्रांतिकारी बदलाव होगा।

1. जबलपुर नगर निगम ने राजस्व वृद्धि के उद्देश्य से विशेष कर संग्रहण अभियान शुरू किया है। इसका लक्ष्य नागरिकों को बकाया करों के भुगतान का विशेष अवसर प्रदान करना और राजस्व संग्रह में तेजी लाना है।
2. सिखों के नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर आज नर्मदापुरम के मंगलवारा स्थित गुरुद्वारे में आज कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।